पंजाब केसरी 10/04/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज ने स्वावलंबी भारत अभियान के सहयोग से लगाया रोज़गार मेला

अम्बाला, 9 अप्रैल (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज ने एक बार फिर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाते हुए रोजगार मेले का आयोजन किया।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में आयोजित इस रोजगार मेले में 300 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया और विभिन्न कम्पनियों द्वारा आयोजित साक्षात्कार प्रक्रिया में भाग लिया। इस रोजगार मेले में 12 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया और कई विद्यार्थियों को मौके पर ही चयनित कर लिया।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि जी.एम.एम. कॉलेज न केवल शिक्षा में उत्कृष्टता लाने का प्रयास करता है, बल्कि विद्यार्थियों को उचित करियर अवसर दिलाने के लिए भी सदैव तत्पर रहता है। उनका मानना है कि हर विद्यार्थी को रोजगार पाने का अधिकार है। डिग्री तभी सार्थक होती है, जब वह विद्यार्थी को उसके सपनों की नौकरी तक पहुंचाएं।

जी.एम.एम. कॉलेज हमेशा से इस दिशा में अग्रसर रहा है। वे फरवरी 2025 में भी रोजगार मेला आयोजित कर चुके हैं और विद्यार्थियों की मांग पर इसे एक बार फिर आयोजित किया गया है। इस रोजगार मेले में केवल जी.एम.एम. कॉलेज के ही नहीं, बल्कि अन्य कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के भी स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों ने भाग लिया। यह आयोजन विशेष रूप से 2023-24 और 2024-25 बैच के छात्रों के लिए उपयोगी रहा।

सी.आर.सी. यूनिट की संयोजिका डा. भारती सुजान एवं टी.पी.ओ. प्रो. कमलप्रीत कौर ने बताया कि इस रोजगार मेले में हिस्सा लेने के लिए विद्यार्थियों ने भी पूरी मेहनत की, जिसके परिणामस्वरूप साक्षात्कार के समय उनका आत्मविश्वास देखने योग्य रहा। कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग की डीन डा. प्रबलीन कौर एवं विभागाध्यक्ष प्रो. श्याम रहेजा ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया एवं साक्षात्कार में ध्यान देने योग्य बातों से अवगत कराया।